# हेमावास से रामासिया सड़क व पशु चिकित्सा भवन की घोषणा



केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने हेमावास के रामासिया में कार्यो का उद्घाटन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने आज गुरुवार को जिले के हेमावास ग्राम पंचायत के रामासिया ग्राम राउप्रा विद्यालय में विकास कार्यो का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने आमजन के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाए बनाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विकास की कोई कमी नही रखेंगे। इस अवसर पर उन्होंने हेमावास से रामासिया सडक और पशु उप चिकित्सा भवन जल्द ही स्वीकृत करा बनाने की घोषणा की। कुमावत ने इस अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनसे लाभ लेने का आहन किया। इस अवसर पर स्कूल में टीन शेड, डामर सडक सी सी निर्माण कार्य, सीवरेज, सीसी सडक मय नाली निर्माण, पीसीसी ब्लाक आदि कार्यो का उद्घाटन व लोकार्पण किया।

इसके बाद केबिनेट मंत्री कुमावत ने भांगेसर में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भांगेसर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का फीता काटकर उपस्वाथ्य केन्द्र व अन्य कार्यो का उद्घाटन व लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि आमजन स्वस्थ्य और खुशहाल रहे इसके लिये ग्राम स्तर तक भी उपस्वास्थ्य केन्द्र खोले जा रहे है। उन्होंने इस अवसर पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

विकास कार्यों के उद्घाटन कार्यों में रामासिया में प्रधान पाली पंचायत समिति मोहिनी देवी, विकास अधिकारी, तहसीलदार , संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ मनोज पंवार , सरपंच मोहन पटेल , नवल किशोर रावल भंवर चौधरी किसान केसरी, यशपाल सिंह पंचायत समिति सदस्य रामलाल नरेंद्र सिंह हेमावास, पुखराज पटेल ,आदि उपस्थि रहे। इसी प्रकार भांगेसर में प्रधान पाली पंचायत समिति मोहिनी देवी, पूर्व उपसभापति मूल सिंह भाटी, विजय भाई जोशी ,पुखराज पटेल, धर्मराज औड, नन्दिनी देवी, हबीब भाई सहित कई जने मौजूद रहे।

## जालोर में 92 लोगों ने स्वेच्छा से लाभ छोड़ा

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटवाने के लिए 31 जनवरी, 2025 तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान के तहत जिले में अब तक 92 लोगों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ दिया है।

जिला रसद अधिकारी व जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि जिले में 31 जनवरी तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान का उद्देश्य उन सक्षम व्यक्तियों को प्रेरित करना है जो योजना की निष्कासन श्रेणियों में आते हैं। वर्तमान में जालोर जिले में कुल 1 लाख 42 हजार 630 परिवारों के कुल 6 लाख 64 हजार 366 सदस्य इस योजना का लाभ ले रहे हैं। सक्षम परिवार निकटतम उचित मूल्य दुकान, जिला रसद कार्यालय या उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में राशनकार्ड और आधार कार्ड के साथ आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम योजना से हटवा सकते हैं। योजना के सक्षम लाभार्थी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ स्वेच्छा से त्याग करना चाहते हैं वे इस क्यू आर कोड को स्कैन कर आवश्यक सूचना एवं आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने सक्षम लाभार्थियों से योजना का लाभ छोड़ने की अपील की हैं ताकि जरूरतमंद परिवारों तक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकें। 31 जनवरी, 2025 के बाद अपात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जोधपुर में कल्याण सिंह राठौड का सम्मान



गजसिंह ने जन्मोत्सव की 77 वीं वर्षगांठ पर नागौर के जैसलान गांव के निवासी 2002 में पुलिस उप अधीक्षक के पद से सेवानिवृत हुए कल्याण सिंह राठौड को 'पालकी सिरोपाव' सम्मान प्रदान किया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। गजसिंह ने जन्मोत्सव की 77वीं वर्षगांठ पर उम्मेद भवन पैलेस के राठौड दरबार हॉल में आयोजित समारोह में कल्याण सिंह राठौड की उम्मेद भवन पैलेस के हाऊसहोल्ड में 22 वर्ष की सराहनीय सेवाओं के लिए परम्परागत "पालकी सिरोपाव" प्रदान कर सम्मान किया।

राठौड नागौर के जैसलान गांव के निवासी व 2002 में पुलिस उप अधीक्षक के पद से सेवानिवृत हुए एवं उसके बाद उम्मेद भवन पैलेस के हाऊसहोल्ड में कार्यरत हैं एवं सचिव हिज हाईनेस महाराजा उम्मेद सिंह जी रिलिजियस ट्रस्ट, सचिव हिज हाईनेस महाराजा हनवन्तसिंह रिलिजियस ट्रस्ट, कोषाध्यक्ष मां नागणेच्या माता ट्रस्ट नागाणा का कार्य देख रहे हैं।

# स्थानांतरण पर प्रतिबंध से रोष



जैसलमेर में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जैसलमेर के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर प्रतापसिंह नाथावत को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जैसलमेर के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष अनोपसिंह सोनू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर प्रतापसिंह नाथावत को ज्ञापन सौंप कर शिक्षकों के स्थानांतरण पर लगी रोक को हटाने की मांग की है।

जिला अध्यक्ष अनोपसिंह सोनू ने बताया की राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय प्रदेश के अधिकांश शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन के कार्यकर्ताओं में सरकार के इस निर्णय से भारी रोष है, क्योंकि सरकार द्वारा शिक्षा विभाग के कार्मिकों को स्थानांतरण के लिए दी गई छूट से उपेक्षित रखा गया है जो प्रदेश के लाखों शिक्षकों के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया है। इससे सरकार का शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रतीत नहीं हो रहा है। जिला मंत्री कंवरसिंह हमीरा ने बताया कि सरकार गठन के बाद अन्य सभी विभागों में स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर दो बार स्थानांतरण किए हैं तब भी और अभी भी शिक्षा विभाग की उपेक्षा की गई है।जिला मंत्री सरितासिंह यादव ने बताया कि शिक्षा विभाग सरकार का सबसे बड़ा विभाग होते हुए भी लगातार शिक्षकों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से संपूर्ण शिक्षा विभाग में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिला अध्यक्ष सोनू ने कहा कि संगठन यह मांग करता है कि कार्मिकों के स्थानांतरण हेतु दी गई छूट में शिक्षा विभाग को भी शामिल कर समस्त संवर्गो के स्थानांतरण किया जावे। इस प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष अनोपसिंह सोनू, जिला मंत्री कंवरसिंह हमीरा, महिला मंत्री सरितासिंह यादव चंचल छंगाणी महिला संगठन मंत्री अभयसिंह भोपा अध्यक्ष उप शाखा जैसलमेर , उप सभाध्यक्ष

स्वरूपसिंह सत्ता, कोजराजसिंह अध्यक्ष उप शाखा सम , जितेंद्रसिंह सोलंकी अध्यक्ष उप शाखा मोहनगढ़, महावीरप्रसाद, स्वरूप सुथार मंत्री उप शाखा मोहनगढ़, अरुण व्यास मंत्री उप शाखा जैसलमेर, प्रेम जीनगर,अमरसिंह रामगढ़, मांगीलाल सोनी जिला कोषाध्यक्ष अमृतलाल सुथार, देवेंद्र शर्मा, रेवंतसिंह तेजपाला, नटवर जोशी, अंकुश भाटिया मंत्री उप शाखा सम, खीमसिंह अध्यक्ष उप शाखा रामगढ़ जितेंद्रकुमार प्रजापत, द्वारकादास कनोई मोहनलाल खिंया सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## बदमाश घर में कूदा, दो कारों के शीशे फोड़े

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर शहर के रातानाडा भाटी चौराहा के समीप 31 दिसम्बर की रात को बदमाश फाटक कूद कर घर में घुस गया। पेड़ पौधों के लिए लगा रखी ईंटों से दो खड़ी दो कारों के शीशे फोड़ डाले। वाइपर आदि को भी तोड़ दिया। गाडिय़ों के शीशे फूटने की आवाज पर गाड़ी के चालक बाहर आए तब बदमाश को पकड़ लिया गया। इस पर उसे रातानाडा पुलिस के हवाले किया गया। इसमें किसी रंजिश होने की भी आशं्का जताई जाती है। पीड़ित ने रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी है।

रातानाडा पुलिस ने बताया कि भाटी चौराहा के पास रहने वाले हरेंद्रप्रताप पुत्र दौलतराम की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि 31 दिसम्बर की देर रात में एक शख्स उसके घर की फाटक को कूद कर अंदर घुस गया और वहां पेड़ पौधों के लिए लगा रखी ईंट पत्थरों से वहां खड़ी उसकी दो कारों के शीशे फोड़ दिए। कार पवनपुत्र टेवल्स नाम से रजिस्टर्ड है।

बदमाश ने वाइपर आदि भी तोडऩे के साथ कार की छत पर पत्थर ईंट आदि रख दिए। कारों की आगे पीछे और साइड के कांच तोड़ दिए। बाद में आवाज सुनकर उनके चालक हेमाराम और जेसराम बाहर आए।

उन्होंने बदमाश का पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। कारों के शीशे फोडऩे के पीछे किसी रंजिश की आशंका भी जताई जाती है। पकड़े गए आरोपी से फिलहाल पुलिस पूछताछ में जुटी है।

# मानसिंह पुस्तक प्रकाश का स्थापना दिवस मनाया



महाराजा मानसिंहजी पुस्तक शोध केन्द्र के 220 वें स्थापना दिवस पर मेहरानगढ़ दुर्ग में महाराजा मानसिंह को संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर एवं कर्मचारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**जोधपुर**, (का.सं.)। महाराजा मानसिंहजी पुस्तक शोध केन्द्र का 220 वां स्थापना दिवस आज मेहरानगढ़ दुर्ग में सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर शोध केन्द्र कार्यालय में महाराजा मानसिंहजी की तस्वीर पर संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर एवं कर्मचारियोंने माल्यार्पण व पुष्पांजलि से श्रद्धासुमन अर्पित किए।

महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने बताया कि महाराजा मानसिंहजी स्वयं कलाप्रेमी, साहित्य प्रेमी थे और उनके द्वारा रचित भजनों को आज भी सम्पूर्ण मारवाड के ग्रामीण अंचलों में गाया जाता हैं।

महाराजा मानसिंहजी ने कला, संस्कृति व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया गया है। महाराजा मानसिंहजी ने 2 जनवरी वर्ष 1805 में पुस्तक प्रकाश की स्थापना की गई थी।

शोध केन्द्र की ओर डॉ. विमलेश राठौड, महेश व्यास, विरेन्द्रसिंह, इन्द्रजीत शर्मा, मनोहरसिंह, मुकेश डागा आदि ने उपस्थित होकर महाराजा मानसिंहजी को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## सखी सेंटर का निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने राजकीय चिकित्सालय में संचालित सखी सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

■ **चिकित्सालय के बाहर सखी सेंटर के प्रचार के लिए सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश**

इस दौरान उन्होंने मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सखी सेंटर के प्रचार प्रसार को लेकर चिकित्सालय के बाहर सूचना बोर्ड शीघ्र लगाया जावे। उन्होंने कहा कि सखी सेंटर का प्रचार प्रसार किया जावे। सेंटर में आने वाली प्रत्येक पीडिता की हर संभव मदद की जावे।

इस दौरान उन्होंने पीडिताओं के ठहरने के कक्ष का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यहां आने वाली पीड़िताओं को यदि किसी प्रकार की विधिक सहायता या सलाह की आवश्यकता हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिरण को सूचित किया जावे।

# डिस्कॉम एम.डी. ने पीएम सूर्य घर व कुसुम योजना का फीड बैक लिया



जोधपुर डिस्कॉम ( जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ) के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल डेलू ने मतोडा, लोहावट और फलोदी जीएसएस ( ग्रिड सब स्टेशन ) का निरीक्षण किया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर डिस्कॉम (जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल डेलू ने मतोडा, लोहावट और फलोदी जीएसएस (ग्रिड सब स्टेशन) का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और कुसुम योजना के तहत हुए कार्यो का भी फीडबैक लिया। इन दोनों योजनाओं का उद्देश्य राजस्थान राज्य में सौर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित घरेलू उपकरणों का उपयोग बढ़ाना है। इसके अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सोलर पैनल, सोलर लाइटिंग सिस्टम्स, और अन्य सौर ऊर्जा उपकरणों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत, ग्रामीण परिवारों को सौर ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ, सस्ती और विश्वसनीय बिजली प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक ने इस योजना के तहत किए गए कार्यो का निरीक्षण किया और पाया कि कई ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का अच्छा क्रियान्वयन हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो क्षेत्रों में योजना का लाभ नहीं पहुंचा है, वहां शीघ्र ही इस योजना का विस्तार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग सौर ऊर्जा का लाभ उठा सकें।

कुसुम योजना, जिसका पूरा नाम कृषि योग्य सौर ऊर्जा के लिए कंबाइंड योजना है, भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो किसानों को सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करती है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को सस्ती, स्वच्छ और वैकल्पिक ऊर्जा प्रदान करना है ताकि वे अपने कृषि कार्यो में इसका इस्तेमाल कर सकें। कुसुम योजना के तहत, किसानों को सौर पंप सेट, सौर पैनल और अन्य उपकरणों के लिए अनुदान दिया जाता है।

जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक ने कुसुम योजना के तहत कार्यो का भी गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है और राज्य के कई किसान अब सौर ऊर्जा का उपयोग करके अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। इससे न केवल किसानों को बिजली बिलों में राहत मिल रही है, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कुसुम "सी" एवं कुसुम "ए" योजना के अंतर्गत लंबित प्लांट लगवाने के लिए डवलपर्स को प्रेरित करने के साथ ही उन्हें आवश्यकता होने पर कार्य में सहयोग प्रदान कर तुरंत कार्य का निष्पादन करें।

इस निरीक्षण के दौरान, प्रबंध निदेशक ने दोनों योजनाओं के कार्यान्वयन में कई सकारात्मक पहलुओं की सराहना की, लेकिन कुछ सुधार की आवश्यकता भी महसूस की।

प्रबंध निदेशक ने सुझाव दिया कि सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों की गुणवत्ता और प्रौद्योगिकी पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय के साथ-साथ इन उपकरणों में सुधार किया जाए ताकि इनकी कार्य क्षमता और जीवनकाल बढ़ सके।

सौर ऊर्जा के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने जोर दिया। हालांकि, योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है, लेकिन अधिक संख्या में किसानों और ग्रामीणों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक ने कहा कि इन योजनाओं के लाभ को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए अधिक अवसरों का विस्तार किया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि वे गांवों में अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें और लोगों को सौर ऊर्जा के लाभों के बारे में बताएं।

### लापरवाह कार्मिकों पर गिरी गाज

निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने सहायक अभियंता, बाप उनके अधीनस्थ एआरओ को राजस्व वसूली में लापरवाही बरतने के लिए चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए

इसके साथ ही उन्होंने सहायक अभियंता (प्रोटेक्शन) फलोदी एवं सहायक अभियंता ग्रामीण फलोदी को एक ही माह में चार ट्रांसफार्मर जलने के कारण चार्जशीट जारी करने एवं कनिष्ठ अभियंता सांवरीज को निलंबित करने के निर्देश प्रदान किए।

## पुलिस निरीक्षक पटोलिया का अभिनंदन किया

**जोधपुर**, (कासं) । समर्पण मारवाड़ सेवा संस्थान की ओर से पुलिस थाना सरदारपुरा पुलिस निरीक्षक सुरेश पटोलिया का सरदारपुरा थाने में पदभार ग्रहण करने पर संस्था द्वारा अभिनंदन किया गया।

■ **सुरेश पटोलिया ने सरदारपुरा पुलिस थाने में कार्य संभाला**

प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था अध्यक्ष कपिल अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था महिला मोर्चा अध्यक्ष विजय लक्ष्मी अरोड़ा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पाली में गैस सिलेंडर फटा, युवक के सिर पर चोट लगी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में एक शॉप में रखा छोटा गैस सिलेंडर अचानक फट गया। उस पर रखा हीटर उछलकर गोली की तरह शॉप में काम करने वाले 19 साल के युवक के सिर पर लगा। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद पाली से जोधपुर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार पाली जिले के सिरियारी थाना क्षेत्र के जोजावर गांव निवासी 19 साल का मांगीलाल पुत्र ताराराम प्रजापत जोजावर स्थित एक गैस चूल्हा रिपेयरिंग की शॉप में सर्विस करता है। गुरुवार दोपहर वह और शॉप संचालक दिनेश दुकान के बाहर बैठे थे। शॉप में एक छोटा गैस सिलेंडर रखा हुआ था। जिस पर हीटर पड़ा था। दुकान संचालक दिनेश का कहना है कि अचानक गैस सिलेंडर फट गया। जिससे उस पर रखा हीटर उछलकर मांगीलाल के सिर पर आकर लगा। जिससे उसका सिर फट गया। तुरंत उसे जोजावर हॉस्पिटल ले गए। जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे पाली भेजा गया। हालत गंभीर होने पर पाली से उसे जोधपुर रेफर किया गया।

बांगड़ हॉस्पिटल में 19 साल के मांगीलाल की गंभीर हालत देख उसकी मां का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। बार-बार वह बस एक ही बात पूछ रही थी कि मेरा बेटा कैसे है। उसे कुछ हुआ तो नहीं। वह बच जाएंगा। जैसे सवाल करती रही इस दौरान उसकी आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे।

शॉप संचालक का कहना है कि अचानक सिलेंडर फटने से उस पर रखा हीटर मांगीलाल के सिर पर लगा। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। साथ ही चर्चा यह भी है कि सिलेंडर रिफिल करते समय यह हादसा हुआ। इसको लेकर सिरियारी थाना पुलिस जांच में जुटी है।

# छात्रा वर्ग बास्केटबॉल में जसोल बेलर्स विजेता रही

**जसोल**, (कासं)। स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसोल में आयोजित हो रही प्रथम जिला स्तरीय छात्रा वर्ग बास्केटबॉल लीग फाइनल मैच मंगलवार को खेला गया।

आयोजक विक्रम सिंह राठौड ने बताया कि फाइनल मैच जसोल बेलर्स व सुपर क्वींस जसोल के बीच खेला गया। जिसमें जसोल बेलर्स ने 31-14 के बास्केटबॉल अंतर से हराया। समापम समारोह में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, बालोतरा प्रधान भगवत सिंह जसोल, जसोल सरपंच ईश्वर सिंह चौहान, समाजसेवी मांगीलाल गौड वस्तीराम मेघवाल, राजू वोहरा, सवाई सिंह राजपुरोहित , मनोहर जोगसन, गोरखाराम प्रजापत, रावणा अपसा जसोल, सुनील प्रजापत, मोहनलाल मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी वरिया मोहन सिंह राठौड, खेल संस्थान जसोल अध्यक्ष गणपत राठौड , ब्लॉक अध्यक्ष शारीरिक शिक्षक संघ एकीकृत दुर्ग सिंह प?िहार मंचाचीन रहे। मैच से पूर्व खिला?ियों का परिचय किया गया। मैच के दौरान भामाशाहो का सम्मान किया गया। पूर्व खिलाडियों द्वारा जसोल बास्केटबॉल के कोच हरचन्द सोलंकी का सम्मान किया गया।

इसके पश्चात विजेता व उपविजेता व तृतीय स्थान के खिला?ियों को पुरस्कार दिया गया। समाजसेवी सवाई सिंह राजपुरोहित दिल्ली द्वारा सभी टीमो के खिलाडियों व निर्णायक को आई ग्लास पुरस्कार के रूप दिए गए । भामाशाह मांगीलाल गौड द्वारा विजेता टीम को नकद राशि दी गई। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने खिलाडियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बास्केटबॉल खेल में आप विश्व के तेज खेलो में से एक है राजस्थान ने बास्केटबॉल में बहुत आयाम स्थापित किए।

बास्केटबॉल ग्राउंड बनाने के प्रयास किये जायेंगे। प्रधान भगवत सिंह जसोल ने बालिकाओं के इस आयोजन को अब तक का सबसे शानदार आयोजन बताया। सरपंच ईश्वर सिंह चौहान ने आयोजन को अद्वितीय बताते हुए खेल संस्थान जसोल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खेलो के लिए ग्राम पंचायत जसोल ने खिलाडियों को हर सम्भव सुविधाएं दी। टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द फाइनल मानवी राठौड, सर्वक्षेष्ठ थ्री पॉइंट शूटर लक्षिता प्रजापत, बेस्ट डिफेंडर नव्या परमार को गया। बास्केटबॉल खिलाडियों ने खिलाडी नसरीन रंगरेज का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर गौतम राठौड, नूरजहाँ खान, जसोदा कंवर, शारदा घांची, मुकेश गहलोत, सोहन सिंह सोलंकी, ओमप्रकाश शर्मा, बाबूलाल भाटी, पुरुषोत्तम जोशी, ताराराम तीरगर, सुनील बारासा, दिनेश सांखला, नवनीत शर्मा, उमेशसिंह राठौड, माणक गहलोत, सुरेश सोलंकी, गोविंद सिंह राजपुरोहित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मग सिंह दहिया मक्खन ने किया।

## पोकरण में सात पट्टे खारिज किए

**पोकरण**, (कासं)। नगरपालिका पोकरण क्षेत्र में एकल हस्ताक्षर पटटा आंवटन में नियम विरुद्ध पटटे जारी करने पर जांच अधिकारी ने सात पटटै खारिज किये।

उपखंड मजिस्ट्रेट पोकरण के आदेशों पर मामलेकी जांच तहसीलदार वेदप्रकाश चारण को सौपे जाने केबाद प्रशासन द्वारा सूची जारी की गई उसमें मात्र 45फाइले एकल हस्ताक्षर पट्टा सुची में तहसीलदार को सरकारी रिकॉर्ड में प्राप्त होने की जानकारी प्रशासन द्वारा दी गई है। वही उपखंड मजिस्ट्रेट द्वारा पांच पट्टा 69-क को खारिज किया गया। वही संपूर्ण पत्रावलियां सोमवार को अघिशाषी अघिकारी उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करनै के आदेश दिए गये। जांच अधिकारी विवेक प्रकाश चारण ने जांच प्रकिया को आगे बढाते हुए पालिका प्रशासन से अबतक सौ पत्र वालिया मिली है,उनमें से सात एकल हस्ताक्षर पट्टे खारिज कर दी गई है। पालिका प्रशासन को आवंटित खसरों पर पालिका प्रशासन का साइन बोर्ड लगाकर पटवारी व टीम द्वारा चिन्हित किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### गुरू नारायण महाराज का बरसी महोत्सव किया

**बाप,** (कासं)। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के गुरु गायत्री उपासक महान संत गुरू नारायण महाराज के दो दिवसीय 70 वीं बरसी महोत्सव में बडी संख्या में श्रद्धालू पहुंचे। बाप क्षेत्र के मालमसिंह की सिड्ड गांव में श्री नारायण परमार्थ एवं विकास समिति के तत्वावधान में गायत्री सिद्ध श्रीनारायण महाराज का बरसी महोत्सव प्रति वर्ष पौष शुक्ल पक्ष की द्वितीया को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कड़ाके की ठंड में भी बाप, कोलायत, बज्जू, झझु, कोलासर, पाबूसर, बीकानेर, दियातरा, नोखा, उदट, फलोदी, बडीसीड, कानसिंह की सिड सहित बीकानेर, जोधपुर, बा?मेर, नागौर, सरदार शहर जिले के साथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज बंधु पहुंचे। बुधवार शाम को आरती के बाद मंदिर में दर्शन करने के लिए देर रात का श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के पास ही भजन जागरण का भी आयोजन किया, जिसमें गायक कलाकार भीखाराम जाजडा, सम्पतलाल उपाध्याय, भगवान पंचारिया, राजू जाजडा एवं संगीत बलदेव राणा ने एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति दी। गुरूवार सुबह पांच बजे मंदिर में आरती होने के पश्चात 7 बजे पालकी शोभायात्रा मंदिर से लेकर राजरा तालाब पर स्थित समाधि स्थल तक निकाली गई। समाधी स्थल पर भी पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओ ने तालाब की परिक्रमा दी। 21 हजार गायत्री मंत्र का जाप करने के साथ हवन किया गया। हवन में 11 जो? बैङ्गे, जिन्होने क्षेत्र की सुख समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना को लेकर हवन में आहुतियां दी। बरसी महोत्सव में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। फलोदी विधायक मास्टर पब्बाराम विश्नाई ने भी गुरु महाराज की समाधि के दर्शन किये। बरसी महोत्सव में नारायण परमार्थ एवं विकास समिति मालम सिंह की सिड अध्यक्ष राधेश्याम उपाध्याय, सचिव टीकमचंद पंचारिया, मगसिंह भाटी, भंवर सिंह भाटी, बद्रीनारायण भूतडा, लक्ष्मण सिंह चौहान, मनोज पंचारिया, कमल भूतडा सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पोकरण परिवहन कार्यालय में कार्यक्रम होंगे

**पोकरण,** (कासं)। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिला परिवहन कार्यालय पोकरण के तत्वावधान में विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का आयोजन रखा गया है। जिला परिवहन अधिकारी कैलाश शर्मा ने एक आदेश जारी कर बताया कि इसके सफल संचालन के लिए प्रभारी अधिकारी सहयोगी संस्थाओं का सहयोग लेकर आवश्यक कार्यवाही करेगे। आदेश के अनुसार 3 जनवरी को प्रभारी अधिकारी परिवहन निरीक्षक रमेश चावडा के निर्देश में फलसूण्ड कस्बे में सडक सुरक्षा जागरुकता सम्बन्धी फ्लेक्स एवं बैनर लगाए जाएगें वहीं लोगों को पेम्पलेट वितरित किए जाएगें। इसके साथ ही नुक्कड सभा कर गुड सेमेरिटन सम्बन्धी जानकारी दी जाएगी एवं सडक सुरक्षा शपथ दिलाई जाएगी। इसी प्रकार 4 जनवरी को फलसूण्ड कस्बे में वाहनों पर रिफलेक्टर चिपकाने की कार्यवाही की जाएगी। 5 जनवरी को भणियांणा कस्बे में फ्लेक्स, बैनर लगाए जाएगें। वहीं पेम्पलेट वितरित किये जायेगें तथा राहगिरों, पैदल चलने वाले व्यक्तियों को सडक सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार 6 जनवरी को भणियांणा कस्बे में वाहनों पर रिफलेक्टर चिपकाए जाएगें एवं नियमित प्रर्वतन की कार्यवाही की जाएगी। 7 एवं 8 जनवरी को पोकरण कस्बे में पी.पी.टी के माध्यम से सडक सुरक्षा की जानकारी दी जाएगी तथा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा। 9 व 10 जनवरी को सांकडा कस्बे में फ्लेक्स, बैनर लगाए जाएगें। वहीं पेम्पलेट वितरित किये जायेगें एवं राहगीरों, पैदल चलने वाले व्यक्तियों को सडक सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही पी.पी.टी. के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जाएगी एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा।

### टीकाकरण स्थलों का निरीक्षण

**बाप,** (कासं)। चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को विभिन्न उपकेंद्रो और आंगनबाडी केंद्रो पर टीकाकरण के सत्र आयोजित किए जाते है। इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग और संचालन के लिए चिकित्सा विभाग के राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। इसके अंतर्गत गुरूवार को खंड बाप के विभिन्न सेक्टरों के टीकाकरण स्थलों का बीसीएमओ डॉ. पर्वत सिंह भाटी, बीपीएम अशोक छीपा और ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर प्रेम पालीवाल द्वारा निरीक्षण किया गया। डॉ. पर्वत सिंह भाटी ने हिंडाल गोल, खीरवा, मालियों का बास, बाप आंगनबाडी केंद्र नंबर एक व दो के टीकाकरण स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीसीएमओ ने एएनएम को ड्यू लिस्ट बनाने आरसीएच रजिस्टर को पूर्ण भरने और अन्य दस्तावेजों को अपडेट करने को कहा। बीसीएमओ डॉ. भाटी ने टीकाकरण सत्र को और प्रभावी बनाने के निर्देश देने के साथ टीकाकरण स्थल पर मौजूद लाभार्थियों से भी बातचीत की। खंड प्रबंधक अशोक छीपा ने भी जांबा, देगावडी और सारनपुरा टीकाकरण स्थलों का निरीक्षण किया।

### कड़ाके की ठंड में रामदेवरा की दंडवत यात्रा

**बाप,** (कासं)। अभी कड़ाके की ठंड पड रही है। सुबह व रात को पारा जमाव बिंदु तक पहुंच रहा है। इतनी सर्दी के बाद भी बाबा रामदेव के भक्त की श्रद्धा चरम पर है। लूणकरण निवासी एक बाबा रामदेव का भक्त दंडवत करते हुए बाबा के दर्शनार्थ रामदेवरा जा रहा है। गुरूवार सुबह 8 बजे बाप पहुंचे लूणकरण निवासी चुन्नीलाल गौड ने बताया कि वह पेशे से व्यापारी है। व्यापार में बडा घाटा होने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। व्यापार की उन्नती व घर में सुख समृद्धि बनी रहे इसको लेकर बाबा रामदेव से लूणकरण से रामदेवरा तक दंडवत करते हुए आने की कामना की थी। बाबा ने उनकी सुन ली। अब व्यापार भी अच्छा चल रहा है। अब बाबा के दर्शनार्थ दंडवत करते हुए रामदेवरा जा रहे है। चुन्नीलाल गौड ने बताया कि वे 11 नवम्बर को लूणकरण से रवाना हुए थे। 53 वें दिन बाप पहुंचे है। वे प्रतिदिन 4 किमी चलते है। इनका साला रामप्रकाश गौड़ व इनके मित्र दानसिंह राठौड सहयोग कर रहे हैं।

### अनादरा पुलिस ने यातायात नियम बताए

**रेवदर,** (कासं)। रेवदर अनादरा राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह यातायात जागरूकता अभियान के तहत अनादरा थानाधिकारी हिंगलाज दान चारण सहित पुलिस टीम ने सिरोही बस स्टैंड दर्जनों वाहन चालकों सहित आम जन को सडक सुरक्षा के नियमो की पालना करने की जानकारी दी। वहीं पुलिस टीम के द्वारा सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान के पोस्टर का विमोचन करते हुए मौके पर मौजूद सभी टैक्सी व ऑटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों सहित वाहन चालकों को अवगत करवाया कि अपनी सुरक्षा के लिए सदैव हेलमेट का उपयोग करें वाहन चालक सीट बेल्ट का उपयोग करें शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं दुपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी नहीं बैठाएं,दुर्घटना होने वीडियो न बना कर घायल को तुरंत चिकित्सालय पहुँचावे मोटर व्हीकल की हेडलाइट टेल लाइट स्टॉप लाइट तथा नंबर प्लेटों को सदैव साफ एवं सही रखे आदि नियमों की जानकारी दी। इस दौरान अनादरा थानाधिकारी हिंगलाज दान चारण, हैड कांस्टेबल ताराराम,कांस्टेबल हरजीराम सहित अन्य उपस्थित रहे।

### हादसे में घायल टैक्सी चालक की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के आईटीआई चौराहा के पास में स्कार्पियो की टक्कर से घायल हुए टैक्सी चालक की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। मृतक के पुत्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियो चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि न्यू कोहिनूर सिनेमा के पीछे बालाजी मंदिर निवासी वीरेंद्र प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 21 दिसम्बर को उसके पिता दशरथ प्रजापत अपनी टैक्सी लेकर आईटीआई सर्किल रोड से निकल रहे थे। तब किसी स्कार्पियो के चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल उसके पिता की अब अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया गया। स्कार्पियो चालक का पता लगाने का प्रयास जारी है।

### प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को दिए पुरस्कार

**पोकरण,** (कासं)। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय पोकरण में पीपीटी के माध्यम से कैलाश शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी द्वारा सडक सुरक्षा जागरूकता प्रजेन्टेशन दिया गया तथा बाद में सडक सुरक्षा प्रष्नोत्तरी आयोजित की गयी।

# ग्रामीणों ने फसल बीमा सहित कई कार्यों के परिवाद दिए



जालोर के पास सावीधर में कलैक्टर डॉ.प्रदीप के . गावंडे ने जनसुनवाई की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिनमें आमजन की परिवेदनाएं प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जसवंतपुरा उपखण्ड के सावीधर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के साथ ही जनता की समस्याओं पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान सावीधर से भीनमाल तक डामरीकरण कार्य करवाने, आधार सेंटर खुलवाने, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन की मरम्मत करवाने, फसल बीमा का क्लेम दिलवाने, विद्युत लाईन हटाने, पक्का नाला निर्माण करने, कॉलोनी को विद्युत लाईन से जोड़ने, अधिक क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगवाने व खेल मैदान की भूमि आवंटित करने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने विभिन्न परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने दुदेश्वर गौशाला समिति सावीधर में गौवंश के पानी की समस्या के परिवाद को संवेदनशीलता से सुनते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तुरन्त गौवंश के लिए पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा, विकास अधिकारी आवड़दान चारण, सरपंच सुबटी देवी, उप सरपंच घेवाराम पारीक, ग्राम विकास अधिकारी जसराज परिहार, पटवारी भावेश दवे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डिजिटल अरेस्ट, साइकिल कारोबारी को मनी लाड्रिंग केस का झांसा देकर ठगा

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर के महामंदिर स्थित घांचियों का बास में रहने वाले एक वृद्ध व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर शातिर साइबर ठगों ने 17.30 लाख रूपयों की ठगी कर डाली। मामले को लेकर अब महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है।

पुलिस ने प्रकरण में अब अग्रिम पड़ताल आरंभ की है। पीड़ित साइकिल कारोबारी है और घर में अकेला ही रहता है। पत्नी बच्चें भी नहीं है।

महामंदिर घांचियों का बास निवासी 67 वर्षीय महावीरराज लोढा की ओर से यह रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि उनके पास में 24 दिसम्बर को एक मोबाइल नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने मनी लॉड्रिंग केस होने के बारे में जानकारी दी। इसमें बताया कि उनके पास में 24 दिसम्बर को ही एक मोबाइल नंबर से कॉल आया और खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए केंद्रीय एजेंसी का होना बताया। जिसमें कहा कि उसका नाम मनी लॉड्रिंग केस में आया है। तब वृद्ध महावीर राज ने कहा कि क्या करना पड़ेगा। तब बदमाशों ने बचने के लिए 15 लाख रूपए खाते में डालने को कहा।

झांसे में आए महावीर राज ने उनके खाते में उक्त रूपए डाल दिए। शातिरों ने किसी मुकेश अठावाल नाम के शख्स में रूपए डालने को कहा था। जोकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में भेजे गए। रूपए आरटीजीएस के माध्यम से आईसीआईसी आई बैंक द्वारा जमा करवा दिए। उसके पश्चात पुनः उसी नम्बर से व्वाट्सएप कॉल आया और कहा कि आपके 2.30 लाख रूपये और ड्यू निकल रहे हैं। तुरन्त जमा करवा दो। 26 दिसम्बर को किसी कमल किशोर नाम के शख्स के खाते में यह रूपए जमा करवाए गए। शातिर ने कहा कि वह उसे 28 दिसम्बर की शाम को कॉल करेगा। मगर बाद में उसका कॉल नहीं आया। महामंदिर थानाधिकारी शिवलाल मीणा के अनुसार वृद्ध महावीर राज अकेले रहते है। वे साइकिल का कारोबार करते है। वक्त घटना वे अपने घर पर अकेले ही थे। फिलहाल मामला दर्ज किया गया है। अग्रिम पड़ताल की जा रही है।

# जरूरतमंदों को सर्दी से बचाने के लिए अर्पण अभियान




जालोर मे भारत विकास परिषद ने अर्पण अभियान के तहत बांटे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। भारत विकास परिषद् जालोर की ओर से अर्पण अभियान के तहत सदी से बचने के लिए जरुरतमंद लोगों को निःशुल्क ऊनी कम्बल वितरित किये जा रहे हैं।

प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी ने बताया कि जरूरतमंद व असहाय लोगों को, जो इस कड़कड़ाती सर्दी में खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर है, उन्हें सर्दी से बचाव के लिए राहत प्रदान कर सेवा करना हमारा सामाजिक दायित्व व नैतिक जिम्मेदारी है। इसी सेवा भावना को लेकर भारत विकास परिषद् की ओर से राजस्थान पश्चिम प्रान्त में 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक अर्पण अभियान में जरूरतमंदों को निःशुल्क ऊनी गरम वस्त्र बांटे जा रहे है। जालोर शाखाध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा ने बताया कि अर्पण अभियान की इस मुहिम के अन्तर्गत बुधवार को नव वर्ष 2025 के आगमन पर भारत विकास परिषद् शाखा जालोर की ओर से शहर के औद्योगिक क्षेत्र - प्रथम चरण क्षेत्र के आसपास स्थित नाथों की बस्ती में झुग्गी झोपडियां में रहने वाले असहाय व जरूरतमंद परिवारों को परिषद् के प्रकल्प प्रभारी प्रेम सिंह राठौड़ के सौजन्य से 15 ऊनी कंबल वितरित किए गए। कम्बल पाकर महिलाओं व बच्चों के चेहरे राहत की मुस्कान के साथ खिल उठे।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी, प्रेम सिंह राठौड़, अशोक जड़िया भंवरलाल सुथार, कानाराम, निंबाराम सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा माह 31 तक

**जालोर,** (कासं)। जिले में 1 से 31 जनवरी तक 'परवाह' (केयर) थीम पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसके तहत हितधारक विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

■ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, वाहन चालकों की नेत्र जांच, सड़क सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण होंगे

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 के दौरान समस्त हितधारक विभागों, विभिन्न संस्थाओं एवं आमजन की सहभागिता से सड़क सुरक्षा संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों के प्रति जागरूकता व विधिक जानकारी देने, राजमार्गों पर अवैध रूप से स्थित शराब की दुकानों, कंटेनर्स व अनाधिकृत पार्किंग को हटाने, विद्यालयों व महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, वाहन चालकों की नेत्र जांच, सड़क सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण आयोजित करने, विद्यालयों व महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा संबंधित पोस्टर, पेंटिंग, स्लोगन, जिंगल्स, क्विज, निबंध, कहानी लेखन, वाद-विवाद इत्यादि प्रतियोगिता आयोजित करने, बाल वाहिनियों की सुरक्षा जांच करने सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने हितधारकों को निर्देशित किया हैं कि वे सड़क सुरक्षा माह के दौरान सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सड़क सुरक्षा जागरूका संबंधित गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करें।

# निजी बस में महिला यात्री के बैग से 14 तोला सोना चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। नागौर जिले के कुरछी की रहने वाली एक महिला के बैग से अंजान शख्स ने सोने के 14 तोला से ज्यादा जेवरात चोरी कर लिए। बैग में रखे पर्स से तीन हजार रुपए भी चोरी हुए।

महिला सर्दी में बच्चों की छुट्टियां होने पर अपने ससुराल जा रही थी। वहां पहुंचने पर गहने चोरी का पता लगा। पीड़िता ने इस बारे में माता का थान पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने अग्रिम अनुसंधान के साथ आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

माता का थान पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर नागौर जिले के कुरछी स्थित खिमसर हाल शुभम विहार मगरापूंजला की रहने वाली सरिता ने यह रिपोर्ट दी है।

इसमें बताया गया है कि वह 26 दिसम्बर को बच्चों की स्कूल की छुट्टियां होने पर गांव जा रही थी। वह घर से निकल कर टैंपो से रवाना होकर भदवासिया प्राईवेट बस स्टैंड पहुंची थी। यहां से प्राइवेट बस में बैठकर गांव ससुराल कुरछी पहुंची। गांव पहुंचकर उसने अपना बैग और पर्स संभाला तो पता लगा कि उसके गहने और रूपए चोरी हो गए है। उसने अंदेशा जताया कि उसके पास में एक महिला बैठी थी जो यह वारदात कर सकती है। उसके बैग मे 4.5 तोला का तिमणिया, 3 तोला का रखड़ी सेट, 1 तोला कंठी, 5 तोला का मंगलसूत्र, 2-2 ग्राम के 3 सोने के सिक्कें व एक पर्स जिसमें 3 हजार रुपए थे, जो चोरी हुए है।

## कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**जालोर,** (कासं)। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने 6 जनवरी को गुरू गोविन्द सिंह जयंती, 13 जनवरी को लोहड़ी पर्व, 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति एवं 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस पर कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को कार्यपालक एवं तहसीलदारों को सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

■ उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को कार्यपालक एवं तहसीलदारों को सहायक कार्यपालक

आदेशानुसार जिले के जालोर, सायला, आहोर, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचौर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा उपखण्ड के लिए संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा जालोर, सायला, आहोर, भाद्राजून, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचौर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा तहसील के लिए संबंधित तहसीलदार सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे। इसी प्रकार जालोर, आहोर व सायला उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जालोर तथा भीनमाल, जसवंतपुरा, रानीवाड़ा, सांचौर व बागोड़ा उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भीनमाल मजिस्ट्रेट को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यपालक एवं सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने सम्पूर्ण कार्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखेंगे एवं कोई भी कार्यपालक व सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट उक्त पर्वो पर अपना कार्यक्षेत्र नहीं छोड़ेंगे तथा अवकाश पर नहीं जायेंगे। वे अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से विचार-विमर्श कर कानून व्यवस्था एवं लोक-शांति संबंधी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करेंगें।

## हुक्काबार पर दबिश दी

**जोधपुर,** (कासं)। उदयमंदिर थाना पुलिस ने हल्का क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे दो हुक्काबार पर कार्रवाई कर हुक्का और फ्लैवर जब्त किए।

एएसआई नाथूराम ने ने ओल्ड कैम्पस के पास दा लास्ट रकाइड कैफे में दबिश देकर संचालक मनोहरसिंह पुत्र भोजराजसिंह को तथा थाने के एएसआई दलीपसिंह ने मनोहरसिंह पुत्र भोजरासिंह को गिरफ्तार किया।

# पाली में पिस्टल दिखाकर लूटी स्कूटी

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में पिस्टल की नोंक पर एक युवक स्कूटी लूटकर ले गया। और बोला कि दोस्तों को जेल से छुड़ाना है इसलिए स्कूटी ले जा रहा हूं। कल नहर पुलिया के पास छोड़ जाऊंगा ले जाना। घबराए युवकों ने स्कूटी की चाबी दे दी तो युवक स्कूटी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामले की जांच शुरू की।

कोतवाल किशोरसिंह ने बताया कि पाली शहर के टैगोर नगर में रहने वाले 19 साल के दिपांशु पुत्र राकेश शर्मा ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि 27 दिसम्बर की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने दोस्त अमित व्यास के साथ जा रहा था।

सुमेरपुर रोड पावणा पैलेस के पास गली में जाते समय स्कूटी के टायर में हवा कम लगने की शिकायत पर उसे चेक कर रहे थे। इतने में एक युवक आया और हम दोनों से नाम और जाति पूछी। फिर पिस्टल दिखाकर बोला कि स्कूटी की चाबी दो नहीं तो गोली मार दूंगा। ऐसे में घबराकर उसे स्कूटी दे दी। युवक ने कहा कि उसके दोस्तों को जेल से छुड़ाना है इसलिए स्कूटी लेकर जा रहा है कल नहर पुलिया पर छोड़ जाएंगा। और फिर स्कूटी लेकर पणिहारी चौराहे की तरफ चला गया। रिपोर्ट में बताया कि वे दोनों पीछे भागे तो उसने गोली चलाने की धमकी दी। इस पर बाद में उन्होंने 100 नंबर पर कॉल कर पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की है।

# शिक्षा-पंचायती राज मंत्री के दौरे की तैयारी देखी



बालोतरा में शिक्षा मंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा,** (कासं)। 3 एवं 4 जनवरी को क्षेत्र में शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थायें सुनिश्चित करने की दिशा में उन्होंने ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर जायजा लिया एवं अधिकारियों को पूर्ण मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश प्रदान किये।

विशेष तौर से आवागमन में बाधक अतिक्रमण हटाये जाने, स्वच्छता कार्यो की पुख्ता मोनिटरिंग करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, ग्राम पंचायत के राजस्व स्त्रोत बढ़ाने के साथ ही पंचायत क्षैत्र में सुव्यवस्थित यातायात पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

ग्राम पंचायतें स्वच्छता एवं जनहित के जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से संपादित करे,समाज के वंचित वर्ग तक सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचे ऐसी कार्यवाही सुनिश्चित करें। यह निर्देश ग्राम पंचायत जसोल के निरीक्षण के दौरान बालोतरा के अति.मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वरसिंह नें व्यक्त किये। उन्हींने ग्राम पंचायत के रेकर्ड का निरीक्षण कर रेकर्ड को आदिनांक अपडेट करने, सामाजिक सुरक्षा योजनाओ के प्रति गंभीरता बरतने के निर्देश दिये। उन्होने सफाई व्यवस्था एवं ग्रामीण विकास की योजनाऐं में संपादित हो रहे कार्यो के भौतिक निरीक्षण के लिए फील्ड विजिट कर भी किया। उनके साथ पंचायत समिति बालोतरा के सहायक अभियन्ता चन्द्रप्रकाश माथुर, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कॉर्डिनेटर पवन पंवार, जसोल के सरपंच ईश्वरसिंह चौहान, ग्राम विकास अधिकारी राधाकृष्ण, सहायक विकास अधिकारी गणपतसिंह राठौड, दीपाराम आदि उपस्थित थे।

# पुलिस आयुक्तालय के तत्कालीन केशियर पर गबन का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पुलिस आयुक्तालय में कार्यरत तत्कालीन एक केशियर पर दूसरी बार गबन का आरोप लगा है। पुलिस वेलफेयर सोसायटी में कार्मिकों के रूपयों को जमा नहीं करवाने का आरोप लगा है। केशियर वर्तमान में निलंबित चल रहा है। एक बार फिर सरदारपुरा थाने में उसके खिलाफ धोखाधड़ी में प्रकरण दर्ज हुआ है। मामले में एसआइ विश्राम मीणा की तरफ से तफ्तीश की जा रही है। सबइंस्पेक्टर विश्राम मीणा ने बताया कि पुलिस आयुक्तालय के संस्थापन शाखा में कनिष्ठ सहायक कार्यालय में लगे केशियर हेमेंत पातावत के खिलाफ रिपोर्ट हुई है।

आरोप है कि उसके द्वारा पूर्व में वर्ष 2021-22 के बीच में 67 हजार 600 रूपयों का गबन किया गया है। यह रूपए पुलिस वेलफेयर सोसायटी में जमा करवाए जाने थे जोकि जमा नहीं कराए गए। पुलिस कार्मिकों द्वारा वेलफेयर में दी जाने वाली राशि जयपुर जाती है। मगर ऑडिट जांच में रूपए जमा नहीं होना पाया। पूछताछ में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर पुलिस आयुक्तालय के कनिष्ठ सहायक संस्थापन में कार्यरत प्रवेंद्र ङ्कूषसह की तरफ से तत्कालीन हेमेंत पातावत के खिलाफ अब धोखाधड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सब इंस्पेक्ट विश्राम मीणा के अनुसार हेमेंत पातावत इन दिनों निलंबित चल रहा है। उसके खिलाफ पहले भी एक प्रकरण गबन का मामला दर्ज है। वह भी प्रकरण भी सरदारपुरा थाने में दर्ज हो रखा है।

# प्रोफेसर ऋषिनाथ आर्य की पुण्यतिथि मनाई

**बालोतरा,** (कासं)। प्रोफेसर ऋषिनाथ आर्य की 43 वीं पुण्यतिथि प्रेरणा सभा के रूप में प्रोफेसर ऋषि नाथ आर्य बाल विद्या मंदिर परिसर में आयोजित हुई। कार्यक्रम की प्रारंभ में अग्निहोत्र का आयोजन किया गया विभिन्न वेद मत्रों के साथ ऋषिवर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में वरिष्ठ आर्य वीर वागाराम पंवार ने उनके कठोर अनुशासन, दृढ नेतिक बल एवं एक करुण हृदय के धनी सन्त की बातों को बतलाया। उन्होंने बताया कि वे बालकों को कठोर शारीरिक श्रम करवाते थे। कोई भी अनुशासन भंग करता तो उन्हें कठोर दंड भी देते थे।

